


# सही कूड़ादान गाइड

## कचरा कम करने के लिए

ccc.govt.nz/bingood

सितम्बर 2021 को अपडेट किया गया

Christchurch City Council

# मैं कचरे को कम करने में मदद करता हूं।

सही कूड़ेदान में सही चीज़ें डालने से आप लैंडफिल में जाने (ज़मीन में दबाए जाने) वाले कचरे की मात्रा कम करने में मदद करते हैं। यह धन की बचत करता है और पर्यावरण के लिए बेहतर है।

**अपना कूड़ादान पहचानें**

अपने कूड़ेदानों की पहचान करना ज़रूरी है, क्योंकि वे गुम या क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कृपया अपने कूड़ेदान का क्रमांक नीचे लिखें।

## मेरे कूड़ेदान

### मैं सही कूड़ेदान प्रयोग करता हूं आर्गनिक चीज़ों के लिए



आपके हरे कूड़ेदान में सही चीज़ें डालने से, आप हमारे लिए आर्गनिक कम्पोस्ट (जैविक खाद) का स्थानीय उत्पादन संभव बनाते हैं। हरे कूड़ेदान में गलत कचरा डालने से पूरा भरा ट्रक लैंडफिल में भेजना पड़ता है।

सप्ताह में एक बार संग्रह किया जाता है

कूड़ेदान का क्रमांक

### मैं सही कूड़ेदान प्रयोग करता हूं रिसाइकिलिंग के लिए



आपके पीले कूड़ेदान में सही चीज़ें डालने से, आप हमारे लिए रिसाइकल करना संभव बनाते हैं। पीले कूड़ेदान में गलत कचरा डालने से पूरा भरा ट्रक रिसाइकल के बजाय लैंडफिल में भेजना पड़ता है।

हर दो सप्ताह में एक बार संग्रह किया जाता है।

कूड़ेदान का क्रमांक

### मैं सही कूड़ेदान प्रयोग करता हूं कूड़ा-करकट के लिए



आपके लाल कूड़ेदान में सही चीज़ें डालने से, आप अन्य कूड़ेदानों को दूषणकारी तत्व से मुक्त रखते हैं। अगर कोई शंका हो तो हमारे ऐप में उपयोगी लुक-अप टूल का उपयोग करें या हमारी वेबसाइट पर जाँच करें।

हर दो सप्ताह में एक बार संग्रह किया जाता है।

कूड़ेदान का क्रमांक

# मैं आर्गनिक्स को सही तरह से छाँटता हूं

खाने-पीने की चीज़ें और बाग का कूड़ा अपने हरे आर्गनिक कूड़ेदान में डालें।

**याद रखें:**
राख लाल कूड़ेदान में डाली जाती है। इसे 5 दिनों तक ठंडा होने दें।



फल, सब्जियां,
बचे-खुचे खाद्य पदार्थ



फिश और चिप्स वाले लिफाफे,
पीज़ा के डब्बे, किचन पेपर टॉवल्स,
कटा हुआ कागज़, नैपकिन आदि।



बचा हुआ मांस, हड्डियां,
शेलफिश (घोंघा), मछली



ब्रेड, पेस्ट्री,
बेक की हुई चीज़ें



कटे हुए फूल,
कलमें, छांटी गई शाखें



बाग का कचरा
(सन और कैबैज-ट्री की
पत्तियों छोड़कर)



पिसी कॉफी, टी बैग



पनीर, अंडे, मक्खन



पत्तियां

# मैं रिसाइकलिंग को सही तरह से छाँटता हूं

निम्न चीज़ों को अपने पीले रंग वाले कूड़ेदान में डालें।

**याद रखें:**
अपनी बोतलें, टिन, कैन और कंटेनरों को धोएं, सुनिश्चित करें कि वे खुले हों, तोड़े न गए हों, और ढक्कनों को लाल कूड़ेदान में डालें



दबाए हुआ गत्ता और
अंडों के कार्टन्स,
(साधारण लिफाफे से छोटे नहीं)



ऐल्युमिनियम के कैन
(तोड़ें नहीं)



पारदर्शी और
रंगीन काँच की बोतलें, जार
(ढक्कनों को लाल कूड़ेदान में डालें)



धातु के टिन
(दबाएें नहीं, और ढक्कनों को लाल कूड़ेदान में डालें)



प्लास्टिक के कंटेनर, नंबर 1, 2 और 5
(3 लीटर और इससे कम, योगर्ट बोतल से छोटे नहीं,
दबाएें नहीं, और ढक्कनों को लाल कूड़ेदान में डालें)



एयरोसोल के कैन, डियोडरेंट,
फ्लाई स्प्रे, एयर फ्रेशनर




कागज, उदाहरण के लिए:
लिफाफे, पत्रिकाएं, ब्रोशर
(साधारण लिफाफे से छोटे नहीं)



प्लास्टिक की बोतलें, नंबर 1, 2 और 5
(योगर्ट बोतल से छोटी नहीं, तोड़े नहीं, और
ढक्कनों को लाल कूड़ेदान में डालें)



1, 2 और 5 नंबर वाले खाली
सफ़ाई के डिब्बे,
(ढक्कनों को लाल कूड़ेदान में डालें)

# मैं कूड़ा-करकट को सही तरह से छाँटता हूं

साधारण कूड़ा-करकट और निम्न वस्तुएं भी अपने लाल रंग वाले कूड़ेदान में डालें।

**याद रखें:**

जहां संभव हो वहाँ कचरा कम करें। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि किसी चीज़ को कहां डाला जाना है, तो आप हमारे क्राइस्टचर्च बिन्स ऐप (**Christchurch Bins App**) पर पूरी लिस्ट देख सकते हैं।



प्लास्टिक की चीज़ें, योगर्ट बोतल से छोटी, एलिड, लॉयल्टी कार्ड, कोटहैंगर, बाग के गमले



मुलायम प्लॉस्टिक, उदाहरण शॉपिंग बैग, बबल रैप, श्रिंक रैप, चिप्स के पैकेट




सभी कम्पोस्ट होने वाली चीज़ें और बायोडिग्रेडिबल (होने वाली) बैग और पैकेजिंग



रद्दी जूते, कपड़े, बेडिंग, फैब्रिक



ठंडी राख

(राख को कम से कम 5 दिनों तक ठंडी होने दें और इसे बैग में भरकर लाल कूड़ेदान में डालें)



साधारण कचरा, अर्थात टूटे खिलौने, कप, प्लेटें



लकड़ी के टुकड़े, सन, कैबैज-ट्री की पत्तियां



खाली तरल वस्तुओं वाले कार्टन उदाहरण जूस, डेयरी,कोकोनट मिल्क (नारियल का दूध), आमंड मिल्क (बादाम का दूध), कस्टर्ड



नैपीज, जानवरों का कचरा, बिल्ली का मल

# इकोड्रॉप रिसाइकिलिंग सेंटर पर फ्री में डिस्पोज करें

## खतरनाक घरेलू वस्तुएं

अपना नजदीकी इकोड्रॉप यहां खोजें
ccc.govt.nz/hazardouswaste



वाहनों की बैटरियां



अवांछित, अप्रयुक्त या पुराने घरेलू तरल रसायन, क्लीनर, सूखे रसायन



पुराने या समाप्त अवधि वाले घरेलू आग बुझाने के यंत्र (फायर एक्स्टिंग्विशर्स)



कैम्पिंग गैस कनस्तर,
हीलियम की बोतलें, गैस की बोतलें



अवांछित,
अप्रयुक्त या पुराने पेन्ट, सॉल्वेंट



अवांछित, अप्रयुक्त या पुराने तेल,
उदाहरण के लिए, वाहनों का तेल,
कुकिंग तेल

## टूटी और अवांछित घरेलू वस्तुएं



उपकरण,
उदाहरण के लिए- माइक्रोवेव, फ्रिज,
ड्रायर्स, वाशिंग मशीनें




औजार, बागवानी के उपकरण



छोटे उपकरण,
उदाहरण के लिए- केतली,
जग, प्याले, कड़ाही

# कचरे से संबंधित सुझाव



## 1. कूड़ेदान का ढक्कन पूरा बंद करें

कलेक्शन सुनिश्चित करने के लिए कूड़ेदान का ढक्कन पूरा बंद करें। कूड़ेदान के पास या उसके ऊपर रखी चीज़ें कलेक्ट नहीं की जाएंगी। अगर कूड़ेदान ज़रूरत से ज्यादा भरा है तो ट्रक उसे उठा नहीं सकता है, या ओवर-लोडेड कूड़ेदान को खाली नहीं कर सकता है।



## 2. ज्यादा भारी न हों, और बीच में जगह हो

सुनिश्चित करें कि कूड़ेदान 70 किग्रा. से कम हों और फुटपाथ पर या घास के किनारे एक-दूसरे से लगभग 50 सेमी. दूर पर रखे जाएं।



## 3. अंतिम मौके पर उनको बाहर रखें

संग्रह वाले दिन 6 बजे सुबह से पहले, सबसे अंतिम मौके पर कूड़ेदानों को बाहर रखें, जो आपके लिए उपयुक्त हो। यह छेड़छाड़ की रोकथाम में मदद कर सकता है। उनको संग्रहित कर लिए जाने के बाद 11 बजे रात से पहले उनको वापस लेना याद रखें।



## 4. अपने कूड़ेदान को पहचानें

अपने कूड़ेदानों पर निजी पहचान बनाने से उनके सड़क पर होने के समय उनकी पहचान करने में मदद मिलती है।

- कूड़ेदान के ढक्कन पर, या अपने कूड़ेदान के साइड में अपनी यूनिट संख्या लिखें।
- अपने कूड़ेदान के हैंडल पर एक फीता बांध दें।
- अपने कूड़ेदान के पीछे एक स्टिकर लगाएं।



## 5. गुम कूड़ेदान की रिपोर्ट करें

कूड़ेदान को बदलने के खर्च से बचने के लिए, गुम कूड़ेदान की रिपोर्ट कलेक्शन के 24 घंटे के अंदर करें। 03 941 8999 पर फोन करें या **ccc.govt.nz/mybin** पर ऑनलाइन रिपोर्ट करें।



## 6. अपने कूड़ेदान का साइज़ बदलना चाहते हैं?

अपने हरे या पीले कूड़ेदान का साइज़ बदलना चाहते हैं? हमें **03 941 8999** पर कॉल करें या **ccc.govt.nz/mybins** पर ऑनलाइन आवेदन करें।

# कूड़े को सही तरह से अलग-अलग करने के लिए आपका धन्यवाद।

## Want to reduce waste?

कूड़े के बारे में अधिक सुझावों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं या Christchurch Bins app (क्राइस्टचर्च बिन्स ऐप) देखें।

**ccc.govt.nz/bingood**




### और याद रखें:

टेकअवे कप और कंटेनर, लाल कूड़ेदान में डालें।



CIT4656 Sept 2021

Christchurch City Council